साहित्य अकादेमी
रवीन्द्र भवन, 35 फीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001
तार : साहित्यकार, दूरभाष : 2338 6626-28
फैक्स : 091-11-2338 2428

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001
Gram : Sahityakar, Phone : 2338 6626-28
Fax : 091-11-2338 2428
E-mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in
website : http://www.sahitya-akademi.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

## फ्रैंकफर्ट डिजिटल पुस्तक मेले-2020 में भाग ले रही है साहित्य अकादेमी

नई दिल्ली 14 अक्टूबर 2020। साहित्य अकादेमी जर्मनी में आयोजित फ्रैंकफर्ट डिजिटल पुस्तक मेले-2020 में भाग ले रही है। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुस्तक मेले में से एक यह मेला 14 से 20 अक्टूबर तक जर्मनी के शहर फ्रैंकफर्ट में आयोजित किया जा रहा है। इस बारे में और जानकारी देते हुए अकादेमी के सचिव के श्रीनिवासराव ने बताया कि अकादेमी विगत कुछ वर्षों से इस मेले में भाग लेती रही है, लेकिन कोरोना महामारी के चलते यह मेला इस बार डिजीटल आयोजित किया जा रहा है। अकादेमी भी इस तरह के आभासी मेले में पहली बार भाग ले रही है। क्योंकि अकादेमी का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के साहित्य को पूरे विश्व तक पहुंचाना है अतः उसने विभिन्न भारतीय भाषाओं की 61 पुस्तकों के सर्वाधिकार मेले में उपलब्ध कराएं हैं।

इन पुस्तकों में संस्कृत का प्राचीन साहित्य जैसे भरत का *नाट्यशास्त्र*, विभिन्न राज्यों की लोक कथाएं तथा सर्जनात्मक साहित्य में एस.एल. भैरप्पा का उपन्यास *पर्व* तथा समकालीन कहानियों के संग्रह भी सम्मिलित हैं।

मेले में साहित्य अकादेमी संबंधी अन्य जानकारियों के लिए इस लिंक पर जाया जा सकता है- https://bit.ly/3nWVgvt

(के. श्रीनिवासराव)